हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 8 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री


4
उफनते छिंद-चुरेला नाला ने रोकी रफ्तार सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग घंटों रहा ठप




## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट किसानों को मिलेगा कृषक रत्न पुरस्कार

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्य करने वाले कृषकों को डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र कृषक निर्धारित आवेदन पत्र भरकर उप संचालक कृषि कार्यालय, जशपुर अथवा अपने संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में कृषि विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा एवं उप संचालक कृषि, जशपुर ने जिले के पात्र कृषकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

### 6 और प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** परिवहन मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में अधिकाधिक प्रदूषण जांच पीयूसी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ के द्वारा जशपुर जिले में कुल 10 प्रदूषण जांच केन्द्र खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में जिले में वाहनों के प्रदूषण जांच के लिए 04 केन्द्र स्थापित हैं। आमजनों की सुविधा के लिए जिले के ऑयल रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पम्प, वाहन विक्रेताओं, परिवहन सुविधा केन्द्रों एवं इच्छुक व्यक्तियों को प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिवहन मुख्यालय के निर्देशानुसार पेट्रोल पम्पों पर स्थापित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक आवेदक आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु कार्यालय, जिला परिवहन अधिकारी, जशपुर से कार्यालयीन दिवस एवं समय में संपर्क कर सकते हैं।

### आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा राम भगत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय सहाय एवं आशुतोष राय उपस्थित थे। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कल्पना टोप्पो, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विजय सिन्हा, प्राचार्य आर. डुगडुग, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी टुमनु गोसाई सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गंगा राम भगत ने बच्चों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसएसपी ने ली अनुविभागवार अफसरों की बैठक

# लापरवाही करने वाले विवेचकों पर होगी कार्रवाई



पुलिस कार्यालय स्थित सभाकक्ष में 6 जुलाई को डीआईजी एवं एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सहित सभी शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अनुविभागवार थाना, चौकी के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली एवं उसके निराकरण के लिए निर्देशित किया।

**अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों की पहचान कर कड़ी कार्यवाही के दिये निर्देश**

**गौ-तस्करी एवं नषीला पदार्थ की तस्करी पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये**

**ऑनलाइन ठगी के मामले में सायबर सेल के सहयोग से तत्काल कार्यवाही करने के दिये निर्देष**

**बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध होगी सख्ती**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

डीआईजी एवं एसएसपी डा. सिंह ने अनुभागवार लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायत इत्यादि का बारीकी से समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया।

निराकरण की दिशा में तेजी से कार्य करने वाले थाना, चौकी प्रभारी को पुरष्कृत करने की बात कही, इसके साथ ही अपराध निराकरण में कोताही बरतने वाले विवेचकों के विरूद्ध विभागीय दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के अपराध समीक्षा बैठक मे विवेचक के कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की विवेचना की जाए, प्रकरण की विवेचना का अब समय निर्धारित कर दिया गया है, निर्धारित अवधि के भीतर पेंडिंग मामलों की जांच पूर्ण कर ली जाये, राजपत्रित अधिकारियों को विवेचकों के कार्यों की प्रतिदिन मानीटरींग कर आवष्यक दिशा-निर्देश देने हेतु निर्देषित किया गया। उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि आपके अधिनस्थ, आपके द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं दोषसिद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीआईजी एवं एसएसपी ने द्वारा मीटिंग में उपस्थित थाना व चौकी प्रभारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों में किसी तरह की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। तत्पष्चात डीआईजी एवं एसएसपी ने पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं वरिष्ठ कार्यालयों से जारी परिपत्र एवं परवानों के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई।

### अपराधों पर हो प्रभावी कार्रवाई

डीआईजी एवं एसएसपी ने जिले के अवैध शराब, अवैध कारोबार, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने एवं लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

### शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराएं

सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक भावेश कुमार समरथ को थाना, चौकी द्वारा चाही गई टेक्नीकल जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देषित किया गया इसके साथ ही सायबर टीप लाईन, सायबर पोर्टल प्रकरण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त षिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु निर्देषित किया गया।

### पुलिस मितान से मिलकर कार्य करें

पुलिस मितान जशपुर पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास, सहयोग एवं समन्वय को सुदृढ़ करना है। प्रत्येक थाना एवं चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र के पुलिस मितानों से नियमित संपर्क बनाए रखें तथा उन्हें कानून-व्यवस्था, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा अन्य जनहितकारी अभियानों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करें।

### जनजागरूकता अभियान चलाएं

पुलिस मितानों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड तक जनजागरूकता अभियान पहुंचाया जाए तथा नागरिकों को कानून का पालन करने, सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने, साइबर ठगी से बचाव, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, नशा उन्मूलन एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए। पुलिस मितान केवल सूचना देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। थाना एवं चौकी प्रभारी इस व्यवस्था को प्रभावी बनाकर जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करें।

### कोई निराश न लौटे

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर ने कहा कि शिकायत के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति थाना, चौकी से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो, साथ ही विभिन्न घटित अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश की थाना में लगातार बुलाकर और उसके निवास पर जाकर नियमित रूप से चेकिंग करते रहें। पैदल मार्च, कांबिंग गस्त और शाम को प्रभारी स्वयं क्षेत्र मे विजिबल पुलिसिंग के लिए निकले। शिकायतकर्ता की थाना में उचित सुनवाई हो जाये जिससे कि उन्हें वरिष्ठ कार्यालय आकर शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। ग्रामों से आने वाली शिकायतों पर उस ग्राम के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी को दायित्व देने हेतु निर्देषित किया गया।

## प्रियांश व श्रवण को पुलिस ने किया सम्मानित



**जशपुरनगर।** पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों की त्वरित सहायता कर मानवता का परिचय देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राह वीर योजना के अंतर्गत दो गुड सेमेरिटन नागरिकों को सम्मानित किया गया।

■ दोनों राहवीरों ने समय रहते बचाई 3 घायलों की जान

दोनों नागरिकों को जशपुर पुलिस द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट प्रदान किए गए, वहीं भारत सरकार की ओर से 25-25 हजार रु. की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। प्रियांश भगत पिता सोमशीतल भगत निवासी ओल्ड पावर हाउस, रायगढ़ रोड, जशपुर ने दिनांक 10 फरवरी 2026 को ग्राम आटापाठ के समीप सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को तत्काल सहायता उपलब्ध कराते हुए सुरक्षित रूप से निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं श्रवण कुमार भगत पिता सुखू राम निवासी ग्राम बालाछापर ने 31 जनवरी को एनएच-43 पर सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उनकी सहायता की। डीआईजी एवं एसएसपी डां. लाल उमेद सिंह ने कहा कि, सड़क दुर्घटना के बाद का "गोल्डन ऑवर" अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान यदि घायल को समय पर उपचार मिल जाए तो उसका जीवन बचाया जा सकता है। ऐसे सद्भावी नागरिक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## विवेचकों को मिले 104 स्मार्ट मोबाइल



**जशपुरनगर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा विवेचना कार्य को आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिले के लिए 104 स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराए गए हैं। इन स्मार्ट मोबाइलों का वितरण पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डां. लाल उमेद सिंह द्वारा जिले के समस्त विवेचकों को किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल तथा उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ भी उपस्थित रहे।

## किफायती दामों में खाद मिलने से किसानों को हो रही सहूलियत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानो को मिल रहा है खाद और बीज। जिले के हर किसान को अच्छे और किफायती दामों में खेती किसानी करने के लिए खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों को काफी सहूलियत मिल रही है। जिले समेत अन्य ग्राम पंचायतों और ब्लॉकों में खाद वितरण का काम सुचारू रूप से की जा है। प्रतिदिन किसान अपनी स्थानीय सोसायटी से खाद, यूरिया तथा अन्य खेती के लिए लगने वाली सामग्री कम कीमतों में ले जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि पहले हमें सभी सामग्री के लिए हर दुकानों में जाना पड़ता था, जहां हमें महंगे दामों में सामान मिलता था। इस बार काफी सहूलियत मिल रही है। अब किसानी के लिए न ही ब्याज में पैसे लेने पड़ते हैं और न ही किसी भी प्रकार का लोन लेना पड़ता है, जिससे हमारी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। छत्तीसगढ़ शासन हमारी सहायता हर प्रकार से कर रही है जिससे किसानों को फायदा हो रहा है। किसानों ने बताया कि जो खाद-बीज उन्हें बाहर लेने में महंगे दामों में मिलता था, अब सरकार की इस परियोजना के तहत उन्हें कम दामों में मिल रहा है। शासन द्वारा उन्हें केवल प्रति बोरी यूरिया का मूल्य 266.50 रुपये, डीएपी 1350 रुपये, सुपर फास्फेट पाउडर 551 रुपए, सुपर फास्फेट दानेदार 591 रुपए, जिंकेटेड सुपर फास्फेट 576 रुपए, टीएसपी 1300 रुपए, एनपीके 1850 रुपए, एनपीके 1990 रुपए तथा पोटाश 1975 रुपये में मिल रही है।

### जिले में 366.7 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 07 जुलाई 2026 तक 1996.9 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2708.8 मिमी हुई है, जो सामान्य का 73.7ः है। बीते दिवस जिले में 366.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैरू तहसील जशपुर में 202.4 मिमी, मनोरा में 290.6 मिमी, कुनकुरी में 242.1 मिमी, दुलदुला में 173.2 मिमी, फरसाबहार में 123.4 मिमी, बगीचा में 135.3 मिमी, कॉसाबेल में 200.5 मिमी, पत्थलगांव में 209.1 मिमी, सन्ना में 276.1 मिमी एवं बागबहार में 144.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। 07 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी तहसील में 54.5 मिमी दर्ज की गई। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 11574.8 मिमी के मान से अब तक 73.7ः वर्षा हो चुकी है।

### निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास का शुभारम्भ



**जशपुरनगर।** ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में लोयोला महाविद्यालय कुनकुरी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के महत्व, नई शिक्षा नीति और भविष्य की चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबला करने के गुर बताए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तेलेस्फोर लकड़ा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, कौशल और रोजगार क्षमता को विकसित करने पर केंद्रित है।

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर

# बैठक में कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं समय-सीमा अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए तथा सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए बनेगी कार्ययोजना

बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने राजस्व विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि आम नागरिकों की अधिकतर समस्याएं राजस्व मामलों से जुड़ी होती हैं। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा और जनजागरूकता के निर्देश

बारिश के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं जलप्रपात क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को फिसलन भरी चट्टानों एवं जोखिम वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने, बैरिकेडिंग करने तथा पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।


CHOUKSEY
GROUP OF PHARMACY COLLEGES
Estd. 2001
Approved by: PCI, New Delhi, Affiliated to : CSVTU, Bhilai
25 Years of Excellence
शिक्षा से सेवा, सेवा से सम्मान
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BUILD YOUR CAREER IN PHARMACY
Excellence in Pharmacy Education • Practical Training • Career Opportunities
COURSES OFFERED
D.PHARM — 2 YEARS — Eligibility: 10+2 Science (PCB/PCM)
B.PHARM — 4 YEARS — Eligibility: 10+2 Science (PCB/PCM) (Admission as per applicable norms)
B.PHARM — LATERAL ENTRY — Eligibility: D.Pharm, Direct admission to Second Year (As per applicable admission norms)
M.PHARM — 2 YEARS — Specializations: Pharmaceutics | Pharmacology, Pharmaceutical Chemistry | Pharmacognosy. Eligibility: B.Pharm (As per applicable admission norms)
WHY CHOOSE CHOUKSEY?
State-of-the-Art Pharmacy Laboratories
Advanced Instrumentation & Research Facilities
Highly Qualified & Experienced Faculty
Industry-Oriented Practical Training
Regular Industrial Visits & Hospital Training
Strong Placement & Career Guidance Support
CPCSEA Approved Animal House
PLACEMENTS THAT SPEAK FOR US
HIGHEST PACKAGE 12 LPA — HARSH KESHARWANI, B.PHARMA — PLACED AT STELLARAA EDUTECH PVT LTD
RECENT PLACEMENTS AT LEARN FLU & MACLEODS PHARMACEUTICALS LTD.
PTIYANKA RAI B.PHARMA, ASHYAM CHANDRA B.PHARMA — 8 LPA
HARIKRISHNA SAHU D.PHARMA, ROSHAN LAL BARETH B.PHARMA, HARSH KUNAL TANDON D.PHARMA, HEERA YADAV D.PHARMA, MRITYUNJAY GUPTA D.PHARMA, SHAHJEB ALI D.PHARMA
*Placement Details as per Institutional Records.
ADMISSION OPEN LIMITED SEATS
CALL NOW 8218238282
APPLY NOW
www.cecbilaspur.ac.in
Lal Khadan, Masturi Road, NH-49, Bilaspur
Follow us on
J.J.Ad



# दिलजीत को झटका, बैन हुई फिल्म सतलुज...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

लाइफ Style

# नीति

## बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

एजेंसी ⏭ मुंबई

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



# मैं अभी भी सीख रही हूं...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हूं, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई।** पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।



# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल



**मुंबई ।** श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मैं कहती हूं इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हें बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।

# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है। सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इस हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से



मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10



जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्राम बाल्टी चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### बिश्रामपुर पुलिस ने किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**बिश्रामपुर।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और धरती को हरा-भरा बनाने की दिशा में बिश्रामपुर पुलिस ने सोमवार को थाना परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर बिश्रामपुर थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधों की सुरक्षा एवं उनके नियमित संरक्षण का भी संकल्प लिया। थाना परिसर में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण, लगातार कम होते वन क्षेत्र और बदलते मौसम के कारण पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, जिसका सीधा असर मानव जीवन पर दिखाई दे रहा है। टीआई प्रकाश राठौर ने कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी परिवार के सदस्य की तरह करे। पौधरोपण के दौरान थाना परिसर में छायादार एवं फलदार सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। गौरतलब है कि जिला पुलिस द्वारा एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

### सजेस बिश्रामपुर में शाला प्रवेश उत्सव शाला विकास समिति का गठन



**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में शाला प्रवेश उत्सव के अलावा शाला विकास समिति का गठन व बैठक का किया गया। इस अवसर पर बिश्रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, बिश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद रविशंकर बउआ, अमरेश प्रसाद, सूरज सेठी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या सुचित्रा खलखो ने अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा आकर्षक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने अपने हाथों से नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत के उन्हें मिष्ठान खिलाकर पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय में पालकों की बैठक लेकर नई शाला विकास समिति का गठन किया गया, जिसमें पालकों की सहमति से श्रीमती भगमनिया सोनवानी को शाला विकास समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। 15 अन्य पालकों तथा बिश्रामपुर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, शिक्षक, शिक्षाविद एवं पूर्व छात्रों को भी समिति का सदस्य बनाया गया। प्राचार्या सुचिता खलखो ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि विद्यालय के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिसमें कक्षा दसवीं में गत वर्ष 72 प्रतिशत के स्थान पर इस वर्ष 95 प्रतिशत तथा कक्षा 12 वीं में 82 प्रतिशत के स्थान पर 93 प्रतिशत बच्चे सफल हुए हैं। छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने सभी के सहयोग से विद्यालय को निरंतर प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन वीरेंद्र तिवारी द्वारा किया गया।

### भारतीय किसान संघ की हुई तहसील स्तरीय बैठक

**बलरामपुर।** भारतीय किसान संघ की कुसमी एवं सामरी में तहसील स्तर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील स्तर के सभी किसान संघ के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुसमी एवं सामरी के सभी किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं की अवगत कराया। साथ ही समस्या के निराकरण के विषय में चर्चा की। बैठक में नए कार्यकारिणी की गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कुसमी तहसील के लिए तहसील अध्यक्ष करमचंद मुंडा, उपाध्यक्ष मुनेश कुजूर, मंत्री सरोज श्याम प्रसाद, सहमंत्री भोलाराम, कोषाध्यक्ष श्याम कुशवाह, सह कोषाध्यक्ष संदीप कुमार ,कार्यकारिणी सदस्य में संतोष कुशवाहा, कृष्ण खैरवार, शैलेश तिर्की को नियुक्त किया गया। इसी तरह सामरी में भी बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति सामरी तहसील के लिए अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव, महामंत्री रुद्रेश्वर यादव, कोसा अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख रामविलास नागवंशी को नियुक्त किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने अपने जिम्मेदारियां को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की बात कहीं। बैठक में बड़ी संख्या में किसान के अलावा जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फांसी पर लटका मिला लापता ग्रामीण का सड़ा-गला शव

**दरिमा।** पिछले एक पखवाड़े से लापता ग्राम बरगई निवासी राजकुमार पिता सबल सिंह (53वर्ष) का सड़ा-गला शव सड़क किनारे एक पुराने खाली मकान में फांसी पर लटका मिला है।

## समय से बारिश नहीं होने से किसानों ने शुरू नहीं किया बुवाई

# अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे मानी सहित आसपास गांव के किसान



बारिश नहीं होने से सूखे खेत।



खाद-बीज दुकान में पसरा सन्नाटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

विकासखंड क्षेत्र में मानसून की बेरुखी का असर अब किसानों के साथ-साथ कृषि बीज विक्रेताओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। समय पर बारिश नहीं होने से किसान अभी तक धान की बुवाई शुरू नहीं कर पाए हैं जिससे धान बीज की खरीदारी भी काफी कम हो रही है और बीज दुकानों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

**खास बातें**

- खाद बीज दुकानों में पसरा सन्नाटा
- धान बीज खरीदने नहीं पहुंच रहे किसान

स्थानीय बीज विक्रेताओं का कहना है कि हर वर्ष इस समय तक अधिकांश धान बीज की बिक्री हो जाती थी, लेकिन इस बार अब तक आधा स्टॉक भी नहीं बिक पाया है। बारिश में लगातार हो रही देरी के कारण किसान बुवाई का जोखिम नहीं लेना चाहते। वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि खेतों में पर्याप्त नमी बनने के बाद ही बुवाई शुरू की जा सके। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो खरीफ सीजन की खेती प्रभावित हो सकती है। समय पर बुवाई नहीं होने से फसल उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। कई किसान फिलहाल बीज खरीदने की बजाय मौसम की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बीज दुकानदारों ने बताया कि बिक्री नहीं होने से उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। बड़ी मात्रा में बीज का स्टॉक दुकानों में रखा हुआ है, लेकिन खरीदार नहीं पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि अच्छी बारिश शुरू होते ही बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि धान की बुवाई के लिए पर्याप्त वर्षा आवश्यक है। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है तो किसान तेजी से बुवाई शुरू करेंगे और बीज की मांग भी बढ़ेगी। फिलहाल पूरे क्षेत्र में किसान और बीज विक्रेता दोनों की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं।

### फसल पिछड़ने की आशंका

किसानों ने बताया कि आषाढ़ महीने में अच्छी बारिश होती है लेकिन इस साल बारिश की बेरुखी ने चिंता बढ़ा दी है। इस माह धान फसल की रोपाई का कार्य अंतिम चरण में होता है। ऐसे में आषाढ़ माह में अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसान परेशान है। एक सप्ताह के भीतर अगर अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान रोपाई पिछड़ सकती है।

### पंप का ले रहे सहारा

आषाढ़ माह में किसानों को अच्छी बारिश होने की उम्मीद रहती है लेकिन इस साल जिले के कुछ क्षेत्रों में ही वर्षा हुई और कई क्षेत्रों में केवल खंड वर्षा होने के कारण किसान धान की फसल को लेकर चिंतित है। कुछ किसान अच्छी बारिश के इंतजार में है तो कुछ किसान बारिश नहीं होने पर रोपा के लिए तैयार हो चुके थरहा की रोपाई के लिए पंप के सहारे खेतो तक पानी पहुंचा रहे है और रोपाई के लिए खेत तैयार कर रहे है।

### किसानों को करना चाहिए रिसर्च धान खेती

अच्छी बारिश नहीं होने तथा बारिश को देखते हुए किसानों को रिसर्च धान से खेती करना चाहिए। हाइब्रिड धान के अपेक्षा रिसर्च धान कम पानी में भी पककर तैयार हो जाता है।

-एनके मिश्रा
कृषि विकास अधिकारी



# अल्प वर्षा की आशंका को लेकर कृषि विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में संभावित अल्प वर्षा को देखते हुए कृषि विभाग किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। एलनीनो के प्रभाव के कारण इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देश पर विभाग द्वारा राजपुर तथा विभिन्न साप्ताहिक हाट-बाजारों एवं गांवों में कृषक सूचना रथ के माध्यम से किसानों को आवश्यक जानकारी दी जा रही है। साथ ही ग्राम चौपाल आयोजित कर वैज्ञानिक खेती एवं वैकल्पिक फसलों के संबंध में सलाह दी जा रही है।

- हाट-बाजारों में किसानों को दी जा रही सलाह

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से कहा कि वे धान पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय दलहन, तिलहन, रागी, कोदो एवं कुटकी जैसी कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती को प्राथमिकता दें। विभाग अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना के तहत धान के स्थान पर इन फसलों की खेती करने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा सामान्य रूप से इन फसलों की खेती करने पर 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा किसानों को कम अवधि में पकने वाली धान की किस्मों का चयन करने, देसी अथवा उन्नतशील धान बीजों का उपयोग करने तथा उपलब्ध नमी के अनुसार खेती की योजना बनाने की सलाह दी जा रही है। कृषि विभाग का कहना है कि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय पर उचित निर्णय लेने से किसानों को नुकसान से बचाया जा सकता है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सभी किसानों का फार्मर आईडी पंजीयन अनिवार्य है। इसलिए किसान जल्द से जल्द अपना पंजीयन कराए। कृषि विभाग अधिकारियों ने बताया कि यह जागरूकता अभियान आगामी दिनों में भी विकासखंड के विभिन्न गांवों और हाट-बाजारों में लगातार जारी रहेगा।

## सामूहिक अवकाश की मांग को लेकर सचिव संघ ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** सचिव दिवस पर पंचायत सचिव संघ ने सामूहिक अवकाश दिए जाने की मांग को लेकर पंचायत सचिव संघ ने अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 जुलाई को राजपुर जनपद सभा कक्ष में सचिव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विकासखंड के सभी पंचायत सचिवों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 7 जुलाई को सामूहिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सचिव दिवस का उद्देश्य पंचायत सचिवों के बीच संगठनात्मक एकता, आपसी सहयोग तथा विभिन्न सेवा संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है।

### कवयित्री पूनम दुबे 'वीणा' को मिला वाचस्पति सम्मान

**अम्बिकापुर।** साहित्यकार पूनम दुबे 'वीणा' को हिंदी भाषा-साहित्य, गीत-संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा विद्या वाचस्पति के मानद सम्मान से सम्मानित किया गया है। ये कविता, दोहा, मुक्तक, गीत, नवगीत, गजल, कहानी एवं अन्य साहित्य विधाओं में सक्रिय हैं। इनकी रचनाओं में प्रकृति-सरंक्षण, सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदनाएं, नारी-अस्मिता एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आगाध आस्था की अभिव्यंजना हुई है।



## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा महामाया एवं समलाया मंडल द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर संकल्प भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, प्रबोध मिंज, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, फुलेश्वरी सिंह, जिला महामंत्री विनोद हर्ष सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी को मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रविन्द्र गुप्त भारती, दीक्षा अग्रवाल, रविंद्र तिवारी, संजीव वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश की एकता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और उनके आदर्श आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। संगोष्ठी में मधुसूदन शुक्ला, विकास पाण्डेय, मधु चौदाहा, करताराम गुप्ता, मनोज गुप्ता, रूपेश दुबे, अभिषेक सिंहदेव, आकाश गुप्ता, राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- भाजपा महामाया एवं समलाया मंडल ने की संगोष्ठी

# सर्पदंश से मासूम एवं बालिका की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में एक मासूम सहित बालिका की मौत हो गई। घर में खेलने के दौरान जहरीले सांप ने काट लिया था। बालिका की निजी अस्पताल में जबकि मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार रामानुजगंज अंतर्गत सारंगपुर निवासी जाहुद अंसारी का दो वर्षीय पुत्री जैनब खातुन रविवार को घर में खेल रही थी। जबकि पिता राजमिस्त्री का काम करने ग्राम जांवतपुर गया था वहीं परिजन घर में काम कर रहे थे। शाम का पिता घर आया तो देखा बच्ची हाथ पकड़ कर रोने के साथ उल्टी कर रही थी। परिजन बच्ची को बलरामपुर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने जांच कर करैत सांप द्वारा काट लेने की बात बताई साथ ही प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सरगवां अंतर्गत ग्राम डिगमा निवासी नियति हाजरा आ. निवारण हाजरा (9 वर्ष) चार माह पूर्व ही मां के साथ बैकुंठपुर चरचा से घर आई थी। 4 जुलाई को घर में थी तभी जहरीले सांप ने काट लिया।

परिजन तत्काल बालिका को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान रविवार को बालिका की मौत हो गई।इधर पिता निवारण नमोसूद ने पुलिस को बताया कि चार माह पूर्व पत्नी व बच्ची चरचा से सरगवां आए थे। 4 जुलाई को माइंस से छुट्टी लेकर घर आया तो पता चला की बच्ची को सांप ने काट लिया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाली न्याय रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




वरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

सोमवार को कांग्रेस ने भारी बारिश के बीच आईजी कार्यालय तक न्याय रैली निकाली। भारी बारिश के बीच भीगते हुए कांग्रेस नेता व पदाधिकारियों ने रैली निकाली व आईजी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में सैकडो की संख्या में कांग्रेस के महिला और पुरुष पदाधिकारी और कार्यकर्ता सत्ता शासन के विरुद्ध नारे लगाते हुए रैली में शामिल हुए। कला केन्द्र मैदान के आवंटन में भ्रष्टाचार, भिट्ठीकला जमीन घोटाले में एफआईआर और शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में सीतापुर विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस ने अपनी न्याय यात्रा निकाली थी। आईजी दीपक झा से मुलाकात के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भिट्ठीकला जमीन घोटाले में 16 जून को कलेक्टर ने 6 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया था, जिसपर आजतक अपराध कायम नहीं हुआ है। अब सुनने में आ रहा है कि सत्ता शासन के दबाव में कलेक्टर सभी पक्षों को बिठाकर समझौता करा रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरे जिले में सत्ता संरक्षण में स्थानीय और बाहर से आए हुए जमीन दलालों ने आतंक मचा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पुलिस भाजपाईयों से जुडे मामलों में निष्पक्षता से कार्रवाई नहीं करेगी तो कांग्रेस भाजपा के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक के सरगुजा आगमन के दौरान उनका विरोध करेगी। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने प्रशासनिक अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में विधायक रामकुमार टोप्पो की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने का मुद्दा आईजी के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद इस घटना दुष्प्रभाव सीतापुर क्षेत्र के शासकीय कर्मचारियों में देखने को मिल रहा है। कला केंद्र मैदान के आबंटन में भ्रष्टाचार को लेकर निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने आईजी से चर्चा में कहा कि इस मामले में स्वयं महापौर की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होना बडे प्रश्न खडे करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने यह स्वीकार कर लिया है वायरल ऑडियो में हुई बातचीत का वो हिस्सा हैं। ऐसे में पुलिस किस दबाव में है। उन्होंने इस मामले में एसआईटी गठित कर इसके त्वरित निपटारे की मांग भी की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपाईयो से जुड़े मामलों में सत्ता प्रशासन के दबाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है लेकिन कांग्रेस इन मामलों को परिणाम तक पहुँचाने तक जुटे रहेगी।

### कांग्रेस ने साक्ष्यों के साथ ज्ञापन सौंपा

थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक का दरवाजा खटखटाने के बाद कांग्रेस ने सभी मामलों को लेकर साक्ष्यों के साथ सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने ज्ञापन के साथ टेलीफोन वार्ता के वायरल ऑडियो के साथ ही न्यूज चैनल के उन क्लिप को भी पेश किया।

## डीजीपी गौतम ने दसवीं बटालियन का किया निरीक्षण




**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सरगुजा प्रवास के दौरान रविवार को 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सूरजपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां सेनानी प्रशांत कतलम सहित बटालियन के अधिकारी कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। डीजीपी ने बटालियन के कार्यालय और पूरे परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- जवानों से संवाद कर भविष्य की चुनौतियों से निपटने के दिए निर्देश, रुद्राक्ष का पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निरीक्षण के बाद आयोजित सैनिक सम्मेलन में डीजीपी ने अधिकारियों एवं जवानों की समस्याएं और सुझाव सुने । उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नक्सल समस्या समाप्ति की ओर है, ऐसे में पुलिस बल को अब औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा, वीआईपी एवं वीवीआईपी सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, आगजनी की घटनाओं तथा साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया कि इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी बटालियनों में रिफ्रेशर कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इनमें साइबर अपराध, नई तकनीक, फायर ब्रिगेड संचालन और अन्य आवश्यक कौशल से संबंधित प्रशिक्षण भी शामिल किया जा रहा है। डीजीपी ने वाहिनी में सेनानी की पहल पर संचालित कल्याणकारी गतिविधियों, प्रयास पुलिस बैंड, बच्चों के लिए विकसित चौपाटी, वाटर फाउंटेन और अन्य मनोरंजन सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर उन्हें चॉकलेट भी वितरित किए। भ्रमण के दौरान डीजीपी अरुण देव गौतम ने पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर तथा 10वीं वाहिनी के सेनानी प्रशांत कतलम के साथ मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने कनकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर पुलिस परिवार और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### आकाशीय बिजली के चपेट से 2 झुलसे, दोनों खतरे से बाहर

**सेदम।** मूसलाधार बारिश के साथ पहाड़ी क्षेत्र गोविंदपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोग बाल बाल बच गए। दोनों को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। बतौली क्षेत्र के दुरस्त पहाड़ी क्षेत्र गोविंदपुर में जमकर मूसलाधार बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरा। आकाशीय बिजली की चपेट में बालक व युवक चपेट में आ गए। गनीमत था कि दोनों सिर्फ झुलसे थे। गोविंदपुर निवासी सूरज यादव आ. सोमारु यादव (12 वर्ष) आकाशीय बिजली से बेहोश हो गया जो घर से बाहर परिवार के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में गया शामिल था। जबकि रूपनारायण यादव आ. स्व. रामबिलास यादव (48 वर्ष) के पिछले शरीर पर बिजली गिरी जहां इन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। फिलहाल दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रहे आकाशीय बिजली से नुकसान को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा पहाड़ी क्षेत्र गोविंदपुर में कलेक्टर से आकाशीय बिजली से बचने तड़ित चालक लगाने की मांग की है ताकि लोगों सहित जानवरों को भी आकाशीय बिजली से बचाया जा सके।

**खबर संक्षेप**



## कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर निकली शोभायात्रा

**रायगढ़।** संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब के 629वें प्राकट्य दिवस के पावन अवसर पर मानिकपुरी पनिका समाज क्षेत्र लैलूंगा के तत्वावधान में रविवार को विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चों सहित सभी वर्गों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः जुनाडीह स्थित कबीर भवन में विधिवत पूजा-अर्चना एवं सतगुरु कबीर साहेब के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात लगभग सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। आकर्षक रूप से सुसज्जित रथ में विराजमान सतगुरु कबीर साहेब की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालु साहेब बंदगी साहेब एवं सतगुरु कबीर साहेब अमर रहें के जयघोष से पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर करते हुए आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा अनुशासित एवं कतारबद्ध ढंग से मुख्य मार्ग पर निकली। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए यात्रा अटल चौकए अग्रसेन चौकए गांधी चौक एवं कबीर चौक पहुंची तथा नगर भ्रमण के बाद पुनः कबीर भवन, जुनाडीह में संपन्न हुई। तथा कबीर साहेब के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस आयोजन में केवल लैलूंगा ही नहीं, बल्कि आसपास के अनेक गांवों से भी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। केराबाहर, केशला, खम्हार, झरन, गमेंकेला, बेस्कीमुड़ा, कमरगा एवं कुंजू सहित विभिन्न ग्रामों से पहुंचे सामाजिक जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज की एकजुटता और संगठन की शक्ति का परिचय दिया।

## लैलूंगा में सचिवों के तबादले की उठी मांग

**रायगढ़।** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी नेता रवि भगत ने जनपद पंचायत लैलूंगा के सीईओ को पत्र सौंपकर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों के स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कई ग्राम सचिव वर्षों से एक ही पंचायत में पदस्थ हैं, जिसके कारण कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी नेता रवि भगत ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि लैलूंगा ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत सचिवों के कारण प्रशासनिक निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि कुछ सचिव ग्रामीणों के कार्यों में अनावश्यक विलंब करते हैं तथा मनमाने ढंग से कामकाज संचालित कर रहे हैंए जिससे आम लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कई स्थानों पर सचिव पूर्व सरपंचों के प्रभाव में काम कर रहे हैंए जिसके चलते नव निर्वाचित सरपंचों को विकास कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पंचायतों में समन्वय की स्थिति प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों की गति भी धीमी पड़ रही है।

## शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शादी का झूठा वादा कर युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। यह मामला शून्य एफआईआर के माध्यम से थाना धरमजयगढ़ पहुंचा था। 22 वर्षीय युवती ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2018 में उसकी पहचान धरमजयगढ़ में किराए के मकान के समीप रहने वाले पंकज गुप्ता से हुई थी। उस समय युवती नाबालिग थी और आरोपी ने प्रेम संबंध तथा विवाह का आश्वासन देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद आरोपी लगातार विवाह का भरोसा देकर उससे संबंध बनाता रहा।

### तेज बहाव में भी वाहन कर रहे पार, हो सकता है खतरा

# उफनते छिंद-चुरेला नाला ने रोकी रफ्तार सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग घंटों रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पिछले कई दिनों से जिलेभर में हो रही लगातार और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। नदी-नाले उफान पर हैं, खेत-खलिहानों में पानी भर गया है और कई ग्रामीण व मुख्य सड़कें जलमग्न हो गई हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार सुबह छिंद चुरेला नाला में जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पुल के ऊपर तेज बहाव के साथ पानी बहने लगा। इसके चलते सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग करीब दो घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा। सुबह के व्यस्त समय में मार्ग बंद होने से सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

यह सड़क सारंगढ़, बरमकेला सहित कई शहरों को बिलासपुर से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बारिश के कारण अचानक मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चे, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, किसान, मरीज और अन्य यात्री बीच रास्ते में फंस गए। कई लोगों की महत्वपूर्ण बैठकें और जरूरी काम प्रभावित हुए, जबकि कई विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। घटना के दौरान सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनी जब बिलासपुर की ओर जा रही यात्रियों से भरी एक निजी बस उफनते नाले के बीच पुल पार करने लगी। बस धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी, लेकिन जैसे ही वह पुल के अंतिम छोर पर पहुंची, अचानक उसका इंजन बंद हो गया। कुछ क्षणों के लिए बस तेज बहाव के बीच पुल पर ही खड़ी रह गई। बस में बैठे यात्रियों के चेहरों पर भय साफ दिखाई दे रहा था। पुल के ऊपर लगातार बह रहे पानी और तेज धारा को देखकर लोगों की सांसें थम गईं। आसपास मौजूद लोग भी बस की ओर टकटकी लगाए देखते रहे। सभी को आशंका थी कि यदि पानी का बहाव और बढ़ गया या बस अधिक देर तक वहीं खड़ी रही तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हालांकि चालक ने धैर्य नहीं खोया। उसने लगातार प्रयास करते हुए बस को दोबारा स्टार्ट किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद इंजन चालू हुआ और बस धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए सुरक्षित पुल से बाहर निकल गई। बस के सुरक्षित निकलते ही यात्रियों और वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।



### जान जोखिम में डालते हैं लोग

पुल पर पानी होने के बावजूद कई लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पैदल, मोटरसाइकिल और अन्य छोटे वाहनों से नाला पार करते नजर आए। तेज बहाव के बीच लोगों का इस तरह पुल पार करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों ने कई बार राहगीरों को रोकने और सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी, लेकिन कुछ लोगों ने जल्दबाजी में खतरे की परवाह नहीं की। बारिश के मौसम में ऐसी लापरवाही कभी भी बड़े हादसे में बदल सकती है। पिछले वर्षों में भी प्रदेश के कई हिस्सों में पुल.पुलियों पर बहते पानी को पार करने के दौरान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं दिख रहे हैं।

## पुसौर नगर पंचायत में एल्डरमेन नियुक्ति को लेकर हो रही चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



नगर पंचायत पुसौर में एक बार फिर एल्डरमेन की नियुक्ति के बाद राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। पुसौर नगर पंचायत के इतिहास में अब तक 4 बार एल्डरमेन नियुक्त किए जा चुके हैं। 2010 रमन सरकार में पहली नियुक्ति में 2 एल्डरमेन भागवत साव और त्रिनाथ गुप्ता को बनाया गया। यह नियुक्ति तत्कालीन राजनीतिक संतुलन के लिए की गई थी और उस समय इसे लेकर कोई विशेष चर्चा नहीं हुई थी। 2015 में 3 एल्डरमेन अभिमन्यु साहू, घनश्याम पटेल और विजय महाणा को मौका दिया गया। सत्तादल के नेताओं ने इन नामों पर मुहर लगाई थी।

तीसरी नियुक्ति कांग्रेस सरकार में हुई जिसमें बल्लभ गुप्ता नीलकंठ यादव और धजाराम सौरा को एल्डरमेन बनाया गया। इस नियुक्ति को भी जातिगत संतुलन बिठाने के प्रयास के रूप में देखा गया और उस समय इसकी खूब चर्चा रही। वर्तमान में अब एक बार फिर भाजपा सरकार ने 3 एल्डरमेन नियुक्त किए हैं। जिसमें त्रिनाथ गुप्ता, अभिमन्यु साहू और विकास होता को एल्डरमेन बनाया गया है। वर्तमान नियुक्ति सबसे ज्यादा चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार बीते नगर पंचायत चुनाव के समय टिकट वितरण के दौरान एक अभ्यर्थी का नाम इस वादे के साथ काटा गया था कि उसे एल्डरमेन बनाया जाएगा। उसके स्थान पर दूसरे को टिकट दिया गया। लेकिन जब एल्डरमेन की सूची जारी हुई तो उस अभ्यर्थी का नाम नहीं था। स्थानीय लोगों का कहना है कि जातीय संतुलन के आधार पर भी उसका नाम सूची में होना चाहिए था। इसी वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच नाराजगी और चर्चा का माहौल है।



## बरमकेला सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश, खेत बने तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

क्षेत्र में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पिछले कई दिनों से बरमकेला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश का दौर जारी है। रविवार को भी सुबह से देर शाम तक रुक.रुक कर वर्षा होती रही। दिनभर आसमान घने बादलों से भरे रहे और बीच.बीच में कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश होती रही।

लगातार हो रही वर्षा से पूरे क्षेत्र में मानसून का असर साफ दिखाई दे रहा है। खेत, मेड़, सड़कें और जलस्त्रोत पानी से लबालब नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर धान के खेत पूरी तरह जलमग्न होकर छोटे.छोटे तालाब जैसे दिखाई दे रहे हैं। लगातार बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई है और लोगों को उमस व गर्मी से बड़ी राहत मिली है। लगातार हो रही वर्षा का सबसे अधिक सकारात्मक असर कृषि कार्यों पर देखने को मिल रहा है। समय पर पर्याप्त पानी मिलने से धान की रोपाई का कार्य पूरे क्षेत्र में तेज गति से चल रहा है। किसान अपने परिवार के साथ सुबह से शाम तक खेतों में रोपाई और अन्य कृषि कार्यों में जुटे हुए हैं। जिन खेतों में कुछ दिन पहले तक पर्याप्त नमी नहीं थी, वहां अब पानी भर जाने से खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। बारिश के चलते किसानों को सिंचाई की चिंता से भी राहत मिली है, जिससे खेती की लागत में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

लगातार वर्षा के कारण तालाब, डबरी, कुएं और छोटे.बड़े नालों में भी पानी की अच्छी आवक हुई है। इससे भू.जल स्तर में सुधार होने की संभावना बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बारिश का क्रम जारी रहा तो आने वाले समय में पेयजल और सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## रायगढ़ में लगेगा कांग्रेस का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर

**रायगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से मिली सीख को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी के मार्गदर्शन और पर आगामी दिनों में जिले में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए जिला ब्लॉक, सेक्टर तथा बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रस्तावित प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाना, कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना है।



## किसान बेहाल, जनता त्रस्त: लालजीत

**घरघोड़ा।** खरीफ सीजन के बीच प्रदेश में गहराते खाद संकट, बढ़ती महंगाई, महंगे डीजल, अनियमित बिजली आपूर्ति और किसानों की बढ़ती परेशानियों को लेकर धरमजयगढ़ विधानसभा विधायक लालजीत राठिया ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। किसान खेत बचाने की जद्दोजहद में लगा है, जबकि सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर केवल प्रचार.प्रसार में लगी हुई है। विधायक ने कहा कि खरीफ की बुवाई का सबसे महत्वपूर्ण समय चल रहा हैए लेकिन किसान खाद के लिए सहकारी समितियों के बाहर घंटों लाइन लगाने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समय रहते खाद की व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही हैए जिसका सीधा नुकसान प्रदेश के लाखों किसानों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीजल के बढ़ते दामों ने खेती की लागत कई गुना बढ़ा दी है। ट्रैक्टर चलानाए खेत की जुताईए सिंचाई और कृषि यंत्रों का संचालन किसानों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन चुका है। ऊपर से बीज, कीटनाशक और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती करना दिन.ब.दिन महंगा होता जा रहा है, लेकिन किसानों को राहत देने की दिशा में सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। लालजीत राठिया ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।



आम नागरिक भी बिजली कटौती और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। रसोई का खर्च बढ़ गया है, घरेलू जरूरतों का सामान महंगा हो चुका है और मध्यम वर्ग तथा गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। मजदूरों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा, युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे और महिलाएं बढ़ती महंगाई से सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं।

## लंकापाली में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण

**पुसौर।** लंकापाली और कोतासुरा मार्ग के बीच स्थित शासकीय भूमि में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकल्प के साथ 700 पौधे लगा गए। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह लगभग 10 बजे हुई। जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल पर 700 से अधिक छायादार और फलदार पौधे उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से संकल्प दिलाया गया कि वे अपने माँ के नाम पर लगाए गए पौधों को एक आस्था के रूप में संरक्षित करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे। संकल्प के बाद सभी ने एक.एक पौधा लेकर चिन्हित स्थल पर गड्ढा कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

## 100 से 320 बेड का हो गया अस्पताल, न डॉक्टर हैं ना नर्स, सुविधाओं का भी टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों से बढ़ाकर 320 बिस्तर कर दी गई है, लेकिन न तो डॉक्टरों की भर्ती हुई और न ही नर्सों की। याने बेड बढ़ाने से सुविधाएं बढ़ी ऐसी कोई बात अब तक तो नजर ही नहीं आई।

उद्देश्य था कि गरीब तबके के मरीजों को बेहतर और व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी इस लक्ष्य के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। बढ़ी हुई बेड क्षमता के अनुरूप मानव संसाधनों की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को अब भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों के कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हुए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इन रिक्त पदों को भरने के लिए बीते कुछ महीनों में दो से चार बार शासन को प्रस्ताव भेजा हैए लेकिन अब तक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। चूंकि इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शासन स्तर से होनी है, इसलिए पूरा मामला अब राज्य सरकार के निर्णय पर निर्भर हो गया है। इधर अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार चिकित्सा अधिकारियों के कुल 12 स्वीकृत पद हैंए लेकिन इनमें से 8 पद खाली हैं। यानी वर्तमान में केवल 4 चिकित्सा अधिकारी ही सेवाएं दे रहे हैं। इसी प्रकार विशेषज्ञ चिकित्सकों के 18 स्वीकृत पदों में से 5 पद रिक्त हैं। जिससे कई विभागों में विशेषज्ञ सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है ।




## पहली बारिश में केलो डेम लबालब, खुले 4 गेट, निचली बस्तियों में बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जून में बारिश के लिए तरसे तो आषाढ़ के शुरुआत में ही जलमग्न हो गया। हालात यह है कि एक दिन की बारिश से केलो डेम जहां लबालब हो गया। वहीं चार गेट खोलने की नौबत भी आ गई। ऐसे में डेम से तेजी से पानी बाहर आ रहा है। इससे शहर के नीचली बस्तियों में पानी भरने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर केलो नदी के किनारे बसे मोहल्लों में खतरा बढ़ गया है। हालांकि नगरनिगम ने चार जोन में अपनी चार टीम तैनात कर दिया है। यह टीम राहत बचाव को लेकर 24 घंटे अलर्ट रहेगी। दूसरी ओर मौसम विभाग ने यहां के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। इससे हालात बिगड़ने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है।

रविवार दोपहर से ही लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। कभी तेज तो कभी धीमी, लेकिन बारिश अनवरत हो रही है। लैलूंगा, तमनार एरिया में बारिश ज्यादा होने की वजह से केलो डेम में पानी तेजी से भरता है। रविवार को दिन भर हुई बारिश की वजह से केलो डेम में पानी तेजी से बढ़ने लगा था। इसे नियंत्रित करने के लिए रविवार की शाम 6 बजे एक गेट खोल दिया गया था। रात करीब 8 बजे दो और रात 12 बजे एक गेट खोला गया। याने केलो डेम का कुल चार गेट खोला गया है। इससे काफी तेजी से डेम का पानी बाहर आ रहा है। पानी बाहर आने की वजह से नीचली बस्तियों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। दूसरी ओर लगातार बारिश होने के बाद भी अभी 207 एमएम बारिश बीते साल की तुलना में कम होने का अनुमान है।



### ऐसे हुई बारिश (एमएम)

| तहसील | इस साल | बीते साल |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 335.3 | 530.8 |
| पुसौर | 210.8 | 478.8 |
| खरसिया | 196.7 | 433.2 |
| घरघोड़ा | 134.6 | 401.7 |
| तमनार | 328.5 | 292.4 |
| लैलूंगा | 166 | 373.6 |
| मुकडेगा | 131.8 | 429.6 |
| धरमजयगढ़ | 137.4 | 315 |
| छाल | 204.2 | 430.5 |
| कापू | 257 | 486 |

### किसानों को राहत लेकिन बिगड़ गया काम

अचानक और लगातार हो रही बारिश से किसानों को राहत तो है, लेकिन अभी काम बिगड़ गया है। अभी तक सूखा था तो बोनी कर रहे थे, लेकिन अब खेतों में पानी भरने की वजह से बोनी नहीं कर सकते। अब बतर बोनी का समय भी खत्म हो चुका है। ऐसे में अब लइहारा बोनी की तैयारी किसान करने लगे है। जिले में बोनी का काम भी केवल 33 फीसदी ही हो सका है। जबकि बीते सालों में 80 फीसदी बोनी से अधिक हो चुका था। इस बार धान से लेकर दहलन-तिलहन की बात करें तो केवल 24 फीसदी के आसपास ही बोनी हो सका है।

## एसईसीएल परियोजना में मकान का लाभ नहीं, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम बरौद निवासी ग्रामवासियों ने एसईसीएल की बदली खदान विस्तार परियोजना के तहत अपने निजी मकान का लाभ दिलाने की मांग को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप की अपील की है। इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए ग्रामीण ने पुनः सर्वे कर उचित मुआवजा एवं पुनर्वास लाभ प्रदान करने की मांग की है।

प्रभावित ग्रामवासियों ने बताया कि वह ग्राम बरौद में नुक निजी मकान स्थित है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा खदान विस्तार परियोजना के लिए कोयला धारक क्षेत्र अर्जन एवं विकास अधिनियम, 1957 के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की गई थी। परियोजना के अंतर्गत निजी, शासकीय, वन एवं आबादी भूमि प्रभावित हुई है तथा प्रभावित परिवारों का पुनर्वास कोल इंडिया की पुनर्वास नीति.2012 के तहत किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिग्रहित भूमि एवं मकानों का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, लेकिन मूल्यांकन एवं भुगतान प्रक्रिया में लंबा समय लगने के दौरान उन्होंने अपनी पारिवारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निजी मकान का निर्माण कराया था। ग्रामवासियों का दावा है कि मकान मुआवजा प्राप्त करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि परिवार की आवश्यकता को देखते हुए मकान बनाया गया था।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध